तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 17 अक्टूबर 2026

11 पंचमी पर देवी मंदिरों में उमड़े भक्त



12 टेल एरिया आज भी नहर पानी से वंचित: डॉ. दिलीप



नवरात्रि विशेष



सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

खबर संक्षेप

सिरींखुर्द में आज सजेगा छत्तीसगढ़ी लोककला का रंगारंग कार्यक्रम



छुईहा बेलर। शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा के गृह ग्राम सिरींखुर्द में उनके मार्गदर्शन पर ग्राम की सार्वजनिक दुर्गोत्सव के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच की शानदार प्रस्तुति शनिवार को रखा गया है। सरपंच सिरींखुर्द देवेन्द्र वर्मा ने कहा श्रद्धालु माता रानी की शक्ति की आराधना और भक्ति में लीन हैं। इसी कड़ी में बाजार चौक सिरींखुर्द दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग से स्वीकृत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 10 पर

श्यामनगर में विहिप और बजरंग दल का शस्त्र पूजन



सुरसाबांधा। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, मंडल श्यामनगर के तत्वावधान में गुरुवार को शाम 6 बजे दुर्गा पंडाल, बस स्टैंड श्यामनगर में शस्त्र पूजन कार्यक्रम श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं सहित ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने शस्त्र पूजन में सहभागिता कर धर्म, संस्कृति एवं सनातन परंपराओं के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। यह आयोजन समाज में एकता, संगठन, संस्कार एवं धर्म के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने का प्रतीक रहा। इस अवसर पर विपिन साहू, दीपक साहू, कोमल साहू, ज्ञानचंद साहू, संजू साहू, आगेश साहू, हेमंत साहू, अनिल, सुनील, चंद्रभूषण साहू, शुभम साहू, जयश साहू, वाशु साहू, लवी, रुद्र, पंकज एवं खीरु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका कु. पायल साहू के साथ यास्मीन, डाली, साधना, स्वीटी एवं टिया साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग है। यह साहस, आत्मरक्षा, अनुशासन एवं धर्म-संस्कृति के संरक्षण का संदेश देता है।

वन विभाग ने पिकअप वाहन सहित 48 कैरेट सीताफल किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विकासखंड के कांदाडोंगर क्षेत्र के जंगल से तोड़कर बेचने पर वन विभाग ने पिकअप सहित 48 कैरेट सीताफल जब्त किया है। वन संपदा की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने कार्रवाई की है।

- कांदाडोंगर जंगल से फल तोड़कर बेचने का मामला

जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में वन गश्त के दौरान वन परिक्षेत्र इंदागांव देवभोग के अंतर्गत ग्राम सराईपानी स्थित शिव मंदिर के पास यह कार्रवाई की गई। मौके पर ओडिशा पासिंग पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 03 एएफ 7374 में 48 कैरेट सीताफल लोड पाया गया। सीताफल के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वाहन सहित पूरी खेप को जब्त कर वन विभाग कार्यालय लाया गया।मौके पर पूछताछ के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने सीताफल को ▶▶| शेष पेज 10 पर

आयोजन : चरौदा में लोकार्पण-भूमिपूजन, पतोरा में नवरात्र महोत्सव में हुए शामिल

तीन साल में राजिम विस में 4 हजार करोड़ के विकास कार्यों को मिली स्वीकृतिः रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा-बेलर





कार्यक्रम में दी विकास कार्यों की सौगात

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने गुरुवार को ग्राम पंचायत चरौदा में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। वहीं, ग्राम पतोरा में शारदीय नवरात्र पर पंचमी श्रृंगार महोत्सव में पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

ग्राम पंचायत चरौदा पहुंचने पर विधायक रोहित साहू का बस्तरिया लोक संगीत एवं लोकनृत्य के साथ मुख्य मार्ग से स्वागत किया गया। मौली माता मंदिर में उन्होंने मां दुर्गा , मौली माता मंदिर और बजरंग मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उसके बाद स्थल पर पूजा-अर्चना कर कुदाल चलाते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मानस स्कूल चौक में स्थापित नौ स्वरूप स्थापित दुर्गा प्रतिमा के दर्शन भी किए। विधायक पैदल बाजार चौक स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने फीता काटकर विकास कार्यों का लोकार्पण किया। मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पंचायत प्रतिनिधियों, महिला समूहों और युवा भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय साहू के नेतृत्व में गजमाला, फूल-माला, गुलदस्ता, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर विधायक का सम्मान किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यों के मार्गदर्शन में स्कूली बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। वही पतोरा भी बच्चों ने सुन्दर नृत्य की। विधायक रोहित साहू ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए 15-15 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। स्वागत भाषण में चरौदा सरपंच गजानंद साहू ने ग्राम पंचायत चरौदा में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि वे चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादों को पूरा करने और क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 10 पर

कुरूद को लाखों के विकास कार्यों की सौगात, विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा





ग्राम पंचायत कुरुद में शुक्रवार को शीतला मंदिर चौक पर लाखों रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण एवं जीर्णोद्धार कार्यक्रम आयोजित हुआ। राजिम विधायक रोहित साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शुभारंभ मां दुर्गा एवं शीतला माता की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अतिथियों को श्रीफल और गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकास, शिक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र की आवश्यकताओं पर चर्चा हुई।

- विधायक ने की सीसी रोड, हाईमास्ट लाइट और भवन निर्माण की घोषणा

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने, महतारी वंदन योजना के जरिए महिलाओं को आर्थिक सहायता देने तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार आने वाली पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को सौर ऊर्जा का लाभ मिल सकता है। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 10 पर



छुरा में 3838 छात्र- छात्राओं की अंकसूची का मामला

पहले गलत अंकसूची बांटी, अब घटिया छपाई से बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



पहले विद्यार्थियों को गलत नाम, पिता के नाम और अंकों वाली रंगीन अंकसूचियां बांटी गईं।

- पहले नाम-पते और अंकों में गड़बड़ी, अब पतले कागज पर धुंधली छपाई

शिकायतों के बाद संशोधित अंकसूचियां जारी हुईं तो उनकी गुणवत्ता ने नया विवाद खड़ा कर दिया। आरोप है कि इस बार आकर्षक रंगीन अंकसूचियों की जगह पतले कागज पर धुंधली, काली-सफेद छपाई वाली अंकसूचियां थमा दी गईं। छुरा विकासखंड में पांचवीं और आठवीं के कुल 3838 विद्यार्थियों को वितरित इन अंकसूचियों को लेकर शिक्षकों और पालकों में नाराजगी है।

रंगीन अंकसूचियों में मिली थीं कई खामियां

छत्तीसगढ़ शासन की केंद्रीकृत परीक्षा 2026 के तहत अप्रैल माह में गरियाबंद जिले के पांचों विकासखंडों गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग, छुरा और फिंगेश्वर में कक्षा पहली से आठवीं तक की परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों को रंगीन और आकर्षक डिजाइन वाली अंकसूचियां वितरित की गईं। लेकिन इन अंकसूचियों में विद्यार्थियों के नाम और उपनाम गलत होने, पिता के नाम में त्रुटि, प्राप्तांकों में अदला-बदली और श्रेणी निर्धारण में गड़बड़ी जैसी शिकायतें सामने आईं। इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप

राजिम फटाका व्यापारी संघ के आकाश बने अध्यक्ष



राजिम। फटाका व्यापारी संघ के आकाश राजपूत अध्यक्ष बने। संघ के लोगो ने विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर व्यापारियों को राहत देने के निर्देश दिए। संघ ने शमीम वारसी उपाध्यक्ष, गौतम साहू सचिव, धीरेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष, भवानीशंकर साहू संरक्षक बनाए गए है। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष आकाश राजपूत ने बताया कि संघ ने प्रशासन को आवेदन देकर बिना लाइसेंस अवैध रूप से फटाका बिक्री करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष महेश यादव, सीएमओ एस.के. विश्वकर्मा एवं राजिम थाना प्रभारी से कार्रवाई का आग्रह किया गया। संघ ने बताया कि इस वर्ष भी हर वर्ष की तरह राजिम मेला मैदान में फटाकों की बिक्री की जाएगी, जहां नागरिकों को उचित मूल्य पर फटाके उपलब्ध कराए जाएंगे।

कर्मचारियों के लिए केंद्र के समान महंगाई भत्ते की मांग

राजिम। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा ने



छत्तीसगढ़ शासन से अपने समस्त कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि महंगाई की मार तो सभी पर बराबर पड़ती है चाहे वह राज्य के कर्मचारी हो या केंद्र का कर्मचारी। वर्तमान में राज्य शासन के कर्मचारियों को 58% महंगाई भत्ता मिल रहा है जबकि केंद्रीय कर्मचारियों को 60% महंगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है। जनवरी 2026 से राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता दो प्रतिशत लंबित है जिसे शीघ्र ही ऐरियर्स सहित दिया जाए।

जवाहर नवोदय विद्यालय, कक्षा 9वीं 11वीं के लिए प्रवेश आवेदन 22 तक

गरियाबंद। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर 2026 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी जवाहर नवोदय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 23 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सुधार विंडो खुली रहेगी।

निधन

अजय नेताम

मैनपुर। क्षेत्र के ग्राम शोभा निवासी अजय नेताम उम्र लगभग 30 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनका उपचार रायपुर के एक अस्पताल में चल रहा था।



उनके दो पुत्र हैं। वे क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

नवापारा में शाही दशहरा की तैयारियां जोरों पर, जलेगा 51 फीट का रावण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विजयादशमी पर्व को लेकर ऐतिहासिक नगरी नवापारा में 'शाही दशहरा' की तैयारियां इन दिनों जोरों पर हैं। हायर सेकेंडरी स्कूल के विशाल मैदान में इस वर्ष 51 फीट ऊंचे भव्य रावण का निर्माण किया जा रहा है, जिसका विजयादशमी के दिन पारंपरिक रूप से दहन किया जाएगा। इस आयोजन का महत्व केवल नवापारा शहर तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों के लिए भी यह एक मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। यही वजह है कि हर साल रावण दहन देखने और उत्सव का आनंद उठाने के लिए यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में रामलीला से लेकर आतिशबाजी तक दिखेगा उत्सव का रंग

रामलीला, आतिशबाजी और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश

शाही दशहरा के इस विशेष आयोजन में भगवान श्रीराम की लीलाओं का मंचन मुख्य आकर्षण रहेगा, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देगा। गणमान्य अतिथियों व जनप्रतिनिधियों के उद्बोधन के पश्चात, शानदार आतिशबाजी के बीच 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।



सड़कों पर उमड़ती है भारी भीड़ और सुरक्षा की आवश्यकता

नवापारा का यह शाही दशहरा आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को भी आकर्षित करता है। कुरुद-तर्री मार्ग, गंज मार्ग, सदर बाजार और राजिम-रायपुर मुख्य मार्ग से लोगों का हुजूम शाम होते ही शहर की ओर बढ़ने लगता है। बस स्टैंड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान तक पैर रखने की जगह नहीं बचती।

शाम ढलते ही गुलजार होता है मेला और बच्चों की उमंग

दशहरा के दिन हायर सेकेंडरी स्कूल का विशाल मैदान रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और दुकानों की चहल-पहल से पूरी तरह गुलजार हो उठता है। शाम ढलते ही यहां एक भव्य मेले जैसा मनमोहक नजारा दिखाई देने लगता है। मैदान में सजी गुपचुप, चाट, चना और मिक्सचर जैसी लजीज खाद्य सामग्रियों की दुकानें लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इसके अलावा, पारंपरिक तौर पर तीर-धनुष और गदा बेचने वाले दुकानदारों की मौजूदगी मेले की रौनक को और बढ़ा देती है।

विडंबना : गांव में सौर ऊर्जा खराब, सुधार की मांग करते थके ग्रामीण

आजादी के 80 वर्ष बाद भी अंधेरे में जीने को मजबूर तौरेंगा के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आजादी को 80 वर्ष पूरे होने को हैं पर गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के अंतर्गत आने वाला ग्राम तौरेंगा आज भी विकास के साथ रोशनी से कोसों दूर है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन में नेशनल हाईवे के किनारे बसा यह गांव आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। हालात यह हैं कि शाम ढलते ही पूरा गांव घुप अंधेरे में डूब जाता है, और ऊपर से हिंसक तेंदुओं के आतंक ने ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ा दी है। तहसील मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर, देवभोग नेशनल हाईवे 130-सी पर स्थित ग्राम तौरेंगा एक अजीब विडंबना का शिकार है। इस गांव की कुल जनसंख्या लगभग 2,500 के आसपास है और इसके दो आश्रित ग्राम - कोदोमाली तथा जुंगाड़ हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि इसी गांव के ठीक ऊपर से देवभोग की ओर जाने वाली हाईटेंशन बिजली (132/33 केवी विद्युत केंद्र) की लाइन गुजरी है, लेकिन आज तक यहां बिजली के खंभे और तार नहीं पहुंच पाए हैं। ग्रामीणों के उजाले का एकमात्र सहारा सौर ऊर्जा प्लेटें हुआ करती थीं, लेकिन रखरखाव और मरम्मत के अभाव में वे भी पिछले कई महीनों से तकनीकी खराबी के कारण पूरी तरह बंद पड़ी हैं। अब ये प्लेटें केवल शोपीस बनकर रह गई हैं।

- तेंदुआ के आतंक से ग्रामीण परेशान







तेंदुए का आतंक और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली

अंधेरे और घने जंगल से सटे होने के कारण ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। इन दिनों गांव के आसपास हिंसक तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। आए दिन जंगली जानवरों के मंडराने से ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में भारी दहशत का माहौल है। लोग रात के समय अपनी जान जोखिम में डालकर जीने को मजबूर हैं। आपात स्थिति या बीमारी के समय ग्रामीणों को समय पर चिकित्सा सहायता मिलना लगभग असंभव हो जाता है। गांव में न तो बेहतर स्वास्थ्य केंद्र है और न ही आवागमन के सुगम साधन, जिससे छोटी-मोटी बीमारियां भी विकराल रूप ले लेती हैं। पेयजल, शिक्षा और स्कूल भवन जैसी बुनियादी जरूरतें भी यहाँ नदारद हैं।

कमार जनजाति बहुल क्षेत्र और ऐतिहासिक उपेक्षा- ग्राम पंचायत तौरेंगा में लगभग 50 प्रतिशत आबादी विशेष रूप से पिछड़ी कमार जनजाति के आदिवासियों की है। इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि चार दशक पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी इस गांव में पहुंचे थे। उन्होंने यहां वन विभाग के विश्राम गृह में रुककर ग्रामीणों से उनकी मूलभूत समस्याओं पर चर्चा की थी। आज उसी तौरेंगा गांव के लोग गुमनामी और अंधेरे के साए में जीवन बसर करने को मजबूर हैं।

कलेक्टर से लगाई गुहार- ग्राम पंचायत तौरेंगा की सरपंच सोहन्तीन बाई सोरी, पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी, अनूप कुमार कश्यप और युमेन्द्र कश्यप ने बताया कि बिजली की मांग को लेकर उन्होंने कई बार आला अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। सौर ऊर्जा के खराब होने से दिक्कतें और बढ़ गई हैं। परेशान ग्रामीणों ने अब गरियाबंद जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा से तत्काल हस्तक्षेप करने और गांव में बिजली व सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की है।

सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में रूपसिंग का सम्मान



निषाद समाज ने किया स्वागत

छुरा। निषाद समाज द्वारा निर्मित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर रानीपरतेवा में सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा नेता रूपसिंग साहू के आगमन और जन्मदिन के अवसर पर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निषाद समाज के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पुष्पमाला पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा सम्मान स्वरूप अन्य शाल श्रीफल उपहार प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। समारोह में सरस्वती शिशु मंदिर के पदाधिकारी एवं आचार्यगण भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यातिथि रूपसिंग साहू ने निषादराज सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आरती में सहभागिता की तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रूपसिंग साहू ने कहा कि आप सभी का प्रेम, विश्वास और अपनापन जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। इस दौरान फतेह निषाद अध्यक्ष ग्रामीण निषाद समाज , साधु राम निषाद ग्राम पटेल, हेमलाल नेताम सरपंच ग्राम पंचायत, हीरा गिरी गोस्वामी, धनसाय निषाद ,अजय शुक्ला, कन्हैया निषाद ,मरहरण साहू ग्रामीण अध्यक्ष साहू समाज, सोमन यादव ग्रामीण अध्यक्ष, नारायण साहू, सोमन गिरी गोस्वामी, भागवत निषाद, डोमन निषाद, छगन निषाद, नारायण निषाद ,जयराम साहू ,परसुसाहू, कृष्ण कुमार गोस्वामी, जयराम साहू ,गुलशन यादव , पोखन यादव, हृदय विश्वकर्मा ,मिंटू साहू, टांकेश्वर सिंन्हा ,घनश्याम साहू, शिक्षक गिरधर गिरी गोस्वामी, ओम प्रकाश साहू, कुलदीप यदु, डॉ कुमार सिन्हा प्रधानाचार्य, हुमेश्वर राजपूत ,पीतांबर पटेल, डोमार बघेल, महिला मानस मंडली अध्यक्ष श्रीमती अनीता यदु, आसीन बाई ध्रुव, बिंद्रा ध्रुव, बोल बम समिति लक्ष्मी सिन्हा, केसरी नेताम पूर्व सरपंच ,कमल साहू, गीता शुक्ला, राधा साहू, रामोतीन ध्रुव, कमलेश्वरी गिरी, सहायता समूह उमेश्वरी सिन्हा, चुन्नी निषाद, दयावती साहू, ग्राम पंचायत सभी पंच श्याम कुमारी दीवान, मातेश्वरी ध्रुव ,निर्मला ध्रुव, सावित्री अनुवंशी, पार्वती सिन्हा, उषा साहू, नरेश कुमार साहू, दीपक ध्रुव, देव कुमार कंवर ,जेठू निषाद, चमेली मरकाम ,अनसूया मरकाम, तीज कुमारी साहू, गोवर्धन निषाद, भूपेंद्र यादव, जय सिंह यादव पुष्पा ध्रुव अध्यक्ष ग्राम संगठन रानीपरतेवा एवं उनके सभी समूहों की बहनों ने जन्मदिन पर श्री सिदेश्वर नाथ प्रांगण में केक काटकर शुभकामनाएं दीं।

किसानों को सिखाई प्रो-ट्रे नर्सरी और बीजोपचार की उन्नत तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर के चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पतोरा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि छात्रों ने किसानों के समक्ष 'प्रो-ट्रे के माध्यम से पौध तैयार करने' और 'कार्बेन्डाजिम रसायन द्वारा वैज्ञानिक बीज उपचार' विषय पर व्यावहारिक एवं जीवंत प्रदर्शन किया। यह आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लेखराम वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार करना और किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादकता के प्रति जागरूक करना था।

- ग्राम पतोरा में कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों का विशेष कार्यक्रम



प्रो-ट्रे से नर्सरी तैयार करने के फायदे- छात्रों ने पारंपरिक विधि के मुकाबले प्रो-ट्रे के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक से बनी इस विशेष खांचेदार ट्रे में कोकोपीट और खाद के हल्के मिश्रण का उपयोग कर प्रत्येक खांचे में एक-एक बीज बोया जाता है। इससे पौधों की जड़ें पूरी तरह सुरक्षित रहती हैं। पारंपरिक तरीके से पौधे उखाड़ने पर जड़ें टूटने का खतरा रहता है, जिससे पौधे मुरझा जाते हैं या उनकी ग्रोथ रुक जाती है, जिसे 'ट्रांसप्लांटिंग शॉक' कहते हैं। प्रो-ट्रे तकनीक से पौधों को इस शॉक से बचाया जा सकता है, जिससे खेतों में रोपाई के समय पौधों की मृत्यु दर न्यूनतम हो जाती है। इससे समय और श्रम की बचत होती है तथा फसल की पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।

कार्बेन्डाजिम से बीज उपचार की तकनीक- कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्रों ने कार्बेन्डाजिम कवकनाशी द्वारा बीज उपचार की सही विधि का प्रदर्शन किया। उन्होंने किसानों को समझाया कि इस रसायन से उपचारित करने पर बीजों को बीज-जनित और मृदा-जनित फफूंद जनित रोगों से सुरक्षा मिलती है। इससे बीजों की अंकुरण दर बेहतर होती है और शुरुआती अवस्था से ही फसल स्वस्थ रहती है।

बेलसोंडा में आसन गद्दी पूजा एवं विशाल सत्संग समागम आज

महासमुंद। गुरु घासीदास बाबा के आसन गद्दी पूजा एवं विशाल सत्संग समागम का आयोजन 17 अक्टूबर शनिवार को ग्राम बेलसोंडा निवासी संत जेठू राम जांगड़े के निवास पर किया जाएगा। यह आयोजन सतनाम धर्म प्रचारक संत खूबलाल टंडन बाबा के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर सतनाम की परंपराओं के अनुरूप श्रद्धालुओं को कंठी एवं जनेऊ धारण कराया जाएगा। कार्यक्रम में दूर-दराज से संत समाज एवं श्रद्धालु भक्तगण सम्मिलित होंगे। समागम में शामिल होने वाले संतों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन तथा ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजन का उद्देश्य गुरु घांसीदास बाबा के संदेश, गुरु भजनों एवं आध्यात्मिक विचारों का प्रचार-प्रसार करना तथा संत समागम के माध्यम से समाज में सद्भावना एवं भाई चारे को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने समस्त संत समाज एवं श्रद्धालु भक्तगणों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने तथा इस पावन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी बेलसोंडा रविशंकर जांगड़े ने दी।

शारदीय नवरात्र पर माता घटारानी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्र पर प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता घटारानी धाम में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्र के पंचम पर राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के वरिष्ठ जनों ने विधि-विधान के साथ माता के दरबार में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को धाम परिसर में आयोजित ज्योति प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गिरीश देवांगन, भाजपा नेता आलोक चंद्राकर, दूधाधारी मठ के महंत रामश्याम सुन्दर दास, जिला पंचायत सदस्य इन्द्रजित महाड़िक,सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक दर्शन को उपस्थित रहे। सभी ने माता रानी के समक्ष प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना को लेकर ज्योति कलश स्थापित किए।इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना आयोजन भी किया गया। मंदिर समिति द्वारा बताया गया कि नवरात्र के नौ दिनों तक यहां अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित रहेगी और प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि माता घटारानी छत्तीसगढ़ की आस्था की केंद्र हैं, यहां मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

विधायक रोहित साहू का भी अगामी दिनों में आगमन होना है। समीति द्वारा आगंतुक वरिष्ठता अतिथि का स्वागत सम्मान अध्यक्ष संतोष दीवान, संरक्षक तारण सिंह ,डीह राम ,दुर्गा यादव ,उखराज सिन्हा ,दिनेश ध्रुव ,धनेश, खेमू राम ,टेमन सिन्हा ,खेलावन पटेल परमेश्वर दीवान,परमेश्वर गंधर्व,हरीशचंद्र तारक ,तेज राम ,मोती राम, रोहित, जहूर दीवान, हेमराज ध्रुव ,पवन कुमार,योगेश्वर साहू,है।

पूरे घटारानी धाम को आकर्षक विद्युत रोशनी एवं वन से फूलों से सजाया गया है। सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

- वरिष्ठ जनों ने प्रज्ज्वलित की मनोकामना ज्योति
- अमितेश, महंत श्यामसुंदर, इन्द्रजीत ने दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली मांगी



पेज 9 के शेष...

तीन साल में...

की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्र के लोगों की प्रमुख मांग गरीब परिवारों के लिए आवास की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना तथा किसानों के लिए संचालित योजनाओं का भी उल्लेख किया। विधायक श्री साहू ने दावा किया कि तीन वर्ष से कम समय में राजिम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 4 हजार करोड़ के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने इसके लिए केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार के सहयोग और क्षेत्र की जनता के विश्वास को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजु हरित, महामंत्री भुवन साहू, सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सूरज पटेल, ग्रापं सचिव चेतन साहू, पंचगण कामता सेन, सुनीला साहू, चमेली सेन, डॉ. विष्णु बंजारे, कांती ध्रुव, पुरण ध्रुव, केंवरा बाई साहू, अनिता बंजारे, रेवा निर्मलकर, मानकी ध्रुव, आस बाई बंजारे एवं डोमन धृतलहरे,महाविद्यालय अध्यक्ष राजू साहू, कोपरा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, गजेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच रामजी साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू, मीणा रजक, दिग्विजय साहू,सरस्वती शिशु मंदिर अध्यक्ष युगल किशोर सिन्हा, बैक प्राधिकृत अधिकारी ईतवारी राम सिन्हा, राजेश्वर बंजारे, मनोज पटेल, अभयराम, अनिल सिन्हा एवं मनहरण साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

इन कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण- ग्राम पंचायत चरौदा में विभिन्न निर्माण कार्यों की सौगात दी गई। मौली चौक में सीसी रोड निर्माण 10 लाख रुपए, सतनामी पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख रुपये,मानस चौक में टिन शेड निर्माण 6.50 लाख रुपये,सरस्वती शिशु मंदिर के लिए सामुदायिक भवन 10 लाख रुपए से बनने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अलावा बाजार चौक में टिन शेड 14 लाख, बजरंग चौक में 5.50 लाख की लागत से बनी सीसी रोड का लोकार्पण किया।

चरौदा में नई घोषणाएं- विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों की मांग पर महिला भवन, आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपये, सर्वसमाज मौली चौक के लिए 10 लाख , मौली चौक में टीन शेड, सीसी रोड तथा पीडीएस भवन निर्माण की घोषणा की। ग्राम के अनाथ भाई-बहन अनिता पटेल एवं पोखराज पटेल तथा दिव्यांग अर्जुन ध्रुव से विशेष रूप मिले जिसे 10-10 हजार की स्वेच्छानुदान से सहायता देने की घोषणा की।इन बच्चों को अच्छी हास्टल सुविधा सहित आवास की व्यवस्था की बातें कही है। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक शिक्षक आशाकांत रजक ने किया।

पतोरा में पंचमी श्रृंगार महोत्सव में पहुंचे विधायक- ग्राम पंचायत पतोरा में गुरुवार को विधायक रोहित साहू शारदीय नवरात्र पर्व के पंचमी श्रृंगार महोत्सव में शामिल हुए। नव ज्योति दुर्गा समिति के तत्वावधान में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर आयोजित पैरी संगम पंडवानी कार्यक्रम का ग्रामीणों ने आनंद लिया। कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों एवं साहू सामाज संगठनों की मांगों पर विकास कार्यों की घोषणाएं भी कीं। इनमें साहू समाज के लिए भवन एवं टिन शेड, शीतला माता सामुदायिक भवन, तालाब में पचरी निर्माण तथा आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 12 लाख रुपये की घोषणा शामिल है। इसके अलावा स्कूल में साइकिल स्टैंड, नंदी निर्माण के लिए 50 हजार रुपये तथा सेवा समिति, रामायण मंडली और पंथी दल के लिए 10-10 हजार रुपये की जनसंपर्क सहायता राशि देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में सरपंच सूरज भारती, साहू समाज बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष हरिराम साहू, अमरीका बाई साहू, उपसरपंच छन्नू दीवान, उदेशम साहू, कोमल राम साहू, केवल, कल्याण दीवान, चुन्नी बाई, भीमेश्वरी दीवान, पुन्नी दीवान, रेवती, चंद्रकला, नंदकुमार, रामरतन साहू, चुम्मन नायक, दया दीवान, कुमार दीवान और वीरेंद्र कुमार दीवान सहित ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

कुरूद को लाखों...

कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी दें और उन्हें लाभ दिलाने में सहयोग करें। विधायक ने बिजली बिल के मुद्दे पर कांग्रेस पर राजनीतिक बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में नए विकल्पों को बढ़ावा दे रही है। विकास का वास्तविक उद्देश्य जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना और गांवों को मजबूत बनाना है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में पानी की टंकी, सीसी रोड सहित विभिन्न विकास कार्यों का भी उल्लेख किया।

मांगों पर की कई घोषणाएं- कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की मांगों पर विधायक ने विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें सीसी रोड निर्माण, शीतला मंदिर से गायत्री मंदिर होते हुए बजरंग पाठ स्थल तक सड़क निर्माण की मांग पर आगामी समय में कार्य कराने का आश्वासन शामिल रहा। इसके साथ ही गांव में तीन हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए तीन लाख रुपये, सर्व समाज भवन और सांस्कृतिक मंच भवन निर्माण की घोषणा की गई। सेवा समितियों के लिए पांच-पांच हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा भी की गई। **नवरात्रि में शक्ति, सेवा और संस्कार का संदेश-** कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत गरियाबंद की वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि नवरात्रि मां दुर्गा की आराधना, शक्ति, श्रद्धा और सकारात्मक ऊर्जा का पर्व है। उन्होंने ग्रामीणों से धार्मिक परंपराओं के साथ शिक्षा, सामाजिक विकास और जनकल्याण के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष नीरा ठाकुर ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीण विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गांवों का विकास तभी सार्थक होगा, जब शिक्षा को प्राथमिकता मिलेगी और शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचेगा। उन्होंने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा, सामाजिक एकजुटता और विकास कार्यों में सहभागिता बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम का मंच संचालन गैंदराम साहू ने किया।

ये रहे उपस्थित- कार्यक्रम में जपं छुरा के उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जनपद सभापति युवराज साहू, कुरुद सरपंच इंद्रा बाई कंवर, अतरमरा सरपंच केजा सोम, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष टीकम साहू, जवाहर साहू, प्रेम साहू, गैंद साहू, चेतन साहू, भोजराम साहू, टोमन साहू, लुमेश कंवर, ओमप्रकाश साहू, नंदकुमार साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, उपसरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

वन विभाग ने...

कांदाडोंगर वन क्षेत्र से तोड़कर लाना बताया। वहीं, ओडिशा के लाठोर, हरिशंकर निवासी गरुड़ मेहेर द्वारा प्रति कैरेट 300 रुपये की दर से सीताफल खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। जब्त किए गए 48 कैरेट सीताफल की कुल कीमत 14, हजार 400 रुपये आंकी गई है। वन अफसरों ने बताया कि मामले में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 52 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान- कार्रवाई में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी एवं सहायक वृत्त अधिकारी गोहरापदर फिरोज खान, दिनेश चंद पात्र सहायक परिक्षेत्र अधिकारी देवभोग, परिसर रक्षी गोहरापदर लंबोदर सोरी, परिसर रक्षी घुमरापदर पुरूषोत्तम धुर्वा, वानिकी चैकीदार भोलाराम यदु तथा सुरक्षा श्रमिक आनंद यादव की महत्वपूर्ण।

पहले गलत...

और पालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

90 प्रतिशत से अधिक स्कूलों ने दर्ज कराई शिकायत- जानकारी के अनुसार, छुरा विकासखंड के लगभग 90 प्रतिशत से अधिक विद्यालयों ने अंकसूचियों में त्रुटियों को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष लिखित आवेदन देकर सुधार की मांग की थी। गलत अंकसूचियों के कारण परीक्षा परिणामों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे। आरोप है कि परिणाम संबंधी गड़बड़ियों के चलते कुछ अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए दोबारा पूरक परीक्षा आयोजित करने की नौबत आ गई। **सुधार के नाम पर छपाई की गुणवत्ता से समझौता?-** शिक्षकों को उम्मीद थी कि त्रुटियों में सुधार के बाद विद्यार्थियों को सही विवरण वाली बेहतर अंकसूचियां मिलेंगी। लेकिन संशोधित अंकसूचियां मिलने के बाद नई शिकायतें सामने आने लगीं। आरोप है कि पहले वितरित रंगीन अंकसूचियों के स्थान पर इस बार सामान्य और पतले कागज पर काली-सफेद छपाई कर अंकसूचियां दी गई हैं। कई अंकसूचियों की छपाई धुंधली होने के कारण उनमें दर्ज अंक और अन्य विवरण पढ़ने में भी कठिनाई होने की बात कही जा रही है। **उच्चस्तरीय जांच और गुणवत्तापूर्ण अंकसूची की मांग-** छुरा विकासखंड में कक्षा पांचवीं के 1817 और कक्षा आठवीं के 2021 विद्यार्थियों को संशोधित अंकसूचियां वितरित किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस तरह कुल 3838 विद्यार्थियों की अंकसूचियां सवालों के घेरे में हैं।

पर्व : पंडालों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवरात्रि पर्व पर एकता के सूत्र में बंधा पूरा गांव, दादरझोरी में गूंजे मां दुर्गा के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम दादरझोरी में शारदीय नवरात्रि का पर्व पूरे उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गांव के चार प्रमुख स्थानों गांधी चौक, साहड़ादेव चौक, घनश्याम दाऊ चौक में मां दुर्गा की स्थापना के साथ ज्योति कलश प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। शीतला माता मंदिर में सुबह से लेकर शाम तक भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। वहीं, संध्या आरती के समय चारों स्थानों के पंडाल श्रद्धालुओं की उपस्थिति से जीवंत हो उठते हैं। गांव के सरपंच रमेश साहू, उपसरपंच राजू साहू ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर पूरे गांव में मां दुर्गा की आराधना को लेकर विशेष उत्साह है। शाम की आरती में मातृशक्तियों, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं की भागीदारी देखते ही बनती है। घंटियों की गूंज,









आरती के स्वर और मां के जयकारों से गांव का वातावरण भक्तिरस में डूब जाता है।

आरती में एक साथ जुटता है पूरा गांव- दादरझोरी के नवरात्रि की विशेषता केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्व गांव की सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी प्रतीक बन रहा है। अलग-अलग चौकों में आयोजित पूजा-अर्चना के दौरान ग्रामीण एक साथ जुटते हैं और मां दुर्गा की आरती में शामिल होकर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

नशा-पान से दूरी, भक्ति और अनुशासन पर जोर- सरपंच रमेश साहू ने बताया कि नवरात्रि के दौरान गांव में नशा-पान बंद रखा गया है। ग्रामीण धार्मिक आस्था और संयम के साथ देवी मां की आराधना कर रहे हैं। गांव में शुद्ध, शांत और धार्मिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। दादरझोरी में नवरात्रि का यह आयोजन श्रद्धा, अनुशासन और सामाजिक सदभाव का संदेश दे रहा है। चार स्थानों पर एक साथ हो रही मां दुर्गा की आराधना ने पूरे गांव को एक धार्मिक सूत्र में बांध दिया है।

छुईह बेलर क्षेत्र में दुर्गोत्सव की धूम...



















शारदीय नवरात्र पंचमी पर मैनपुर क्षेत्र के देवी मंदिरो में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ में पूजा अर्चना करने लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

शारदीय नवरात्र पर्व के पंचमी पर गुरूवार को मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओ व भक्तो की अपार भीड़ लगी रही पंचमी के अवसर पर विधि विधान से माता का श्रृंगार किया गया पूजा अर्चना की गई देवी मंदिरो में जसगीत और सेवा गीत से पूरा क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय हो गया है चारो तरफ माता के जयकारे लग रहे है। तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित वन विभाग दुर्गा मंदिर में सुबह से देर शाम तक भारी भीड़ पूजा अर्चना करने लगी रही यहां महाआरती का आयोजन किया गया।

दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया आज शारदीय नवरात्र के अवसर पर माता का विशेष श्रृंगार किया गया और महाआरती का आयोजन भी हुआ साथ ही प्रसाद वितरण किया गया वही सार्वजनिक दुर्गा उत्सव मैनपुर में आज सुबह से हजारो श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी सुबह से देर शाम तक दुर्गा पंडाल में जसगीत व माता सेवा किया जा रहा है और भारी भीड़ लगी रही। मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो मे आज पंचमी तिथि पर आदिशक्ति माता दुर्गा का विशेष श्रृंगार कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया, नवरात्र के चलते पंचमी तिथि पर पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़, वन परिसर स्थित मां दुर्गा मंदिर, भाठीगढ़ सिध्देवर मंदिर, गायत्री मंदिर हरदीभाठा, बाजाघाटी देवी मंदिर, शीतला माता मंदिर, दंतेश्वरी माता, फूलझर स्थित मां भगवती मंदिर, मां कुलेश्वरी मंदिर सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में नवरात्र मे मां आदिशक्ति दुर्गा का विशेष पंचमी श्रृंगार कर वैदिक वेद मंत्रेच्चार के साथ पूजा अर्चना किया गया, नवरात्रि को लेकर लोगो में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है लोग पूरे दिन उपवास कर मनोकामना ज्योति कलश के दर्शन करने मंदिरो में बारी बारी से पहुंच रहे है।

पंचमी पर देवी मंदिरों में उमड़े भक्त

नवापारा-राजिम। नवरात्र पर्व के पंचमी पर गुरुवार को राजिम और नवापारा शहर के देवी मंदिरों में आस्था का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। शाम ढलते ही माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भर गए। नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर और नवापारा के प्रसिद्ध मां काली मंदिर सहित शहर के सभी देवी मंदिरों में दिन भर दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा, लेकिन संध्या होते ही भक्तों की भीड़ ने विशेष रूप ले लिया। माता के जयकारों, घंटियों की गूंज और भक्ति से सराबोर वातावरण ने पूरे नगर को देवीमय कर दिया। पंचमी के अवसर पर मां का श्रृंगार करने और अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचने वाली माताओं-बहनों की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। हाथों में पूजन

- मां के लिए श्रृंगार लेकर पहुंचीं माताएं-बहनें

सामग्री और माता के श्रृंगार का सामान लिए महिलाएं पूरे श्रद्धाभाव से मंदिर पहुंचीं। मां के दर्शन और पूजन के लिए पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, मां काली मंदिर पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं को कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। भीड़ के बावजूद भक्तों में दर्शन को लेकर उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। अपनी बारी आने पर श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाया, पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा मंगलकामना के साथ माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

आरती में शामिल हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालु- संध्या आरती के समय मंदिरों में भक्तों की उपस्थिति और बढ़ गई। आरती की थालियों की रोशनी, दीपों की जगमगाहट और सामूहिक जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने पूरे श्रद्धाभाव से आरती में भाग लिया। पंचमी की यह शाम राजिम और नवापारा के मंदिरों में आस्था, उल्लास और धार्मिक उत्साह का अनुपम संगम बन गई।

प्रकृति की गोद में बसा केरापानी रानी मां जलप्रपात छोटी-छोटी गुफाएं आज भी बनी है रहस्य का कारण

रसेला। प्रकृति की गोद में अनुपम सौंदर्य समेटे क्षेत्र का प्रसिद्ध केरापानी रानी मां जलप्रपात स्थल आज भी अपने भीतर कई अनुसुलझे रहस्य समेटे हुए है। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह स्थान मुढीपानी के नाम से जाना जाता है। केरापानी को अगम गंगा का उदगम स्थल माना जाता है। यहां डुमर के पेड़ से अविरल जलधारा बह रही है। लगभग हजार फीट की उंचाई पर मलेवा पहाड़ के इस दुर्गम स्थल को रानी मा की कर्मस्थली मानी जाती है। यहां के स्नान से गौहत्या एवं ब्रम्हा हत्या जैसे पाप भी कट जाते हैं। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय नवरात्र रानी मा में श्रद्धा, भक्ति और सेवा भावना का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महोत्सव के दौरान पंचमी के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। यहां पर हर रोज भंडारे की व्यवस्था की गई है। इस सेवा कार्य में क्षेत्र सहित विकास खंड के श्रद्धालुओं और सहयोगियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाते हुए इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। इसी प्रकृति की गोद में सदियों से आराध्य मां रानी मा विराजीं है, रानी मा की पहचान पूरे अंचल में एक पवित्र धाम के रूप में होती है। यहां माता के लिए कोई भव्य महल



जैसा मंदिर नहीं है, बल्कि प्राकृतिक से बनाया गया झोपड़ी में विराजमान हैं। खनिज संपदा की दृष्टि से यहां लौह अयस्क व छुही का भंडार है। रानी मां में पूर्व विधायक ओंकार शाह एवं संत सिया भुनेश्वरी शरण व्यास के सानिध्य में 21 क्विंटल के हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की गई है। यहां पर हर वर्ष क्वांर एवं चैत नवरात्र में ज्योति प्रज्वलित की जाती है। यहां पर देववृक्ष, गुलर, जीवन बुटी, केलेदेव, धानबाली, सौंप, आम का पेड़ साथ ही इस जगह पर अनेकों प्रकार के जड़ी बूटी प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है। पूर्व विधायक ओंकार शाह शुक्रवार को रानी मा केरापानी पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर अपने परिवार और क्षेत्र के लिए सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस कार्यक्रम को सफल आयोजन के लिए समिति अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, सचिव पुनीत ध्रुव, कोषाध्यक्ष चंदर सिंह कंवर, सहसचिव मुक्तेश्वर दीवान, पुजारी दिलेश्वर दीवान,मान सिंह दीवान, सलाहकार जानूराम दीवान, सरपंचगण रूपादेवी ठाकुर, लता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव,रवि मरकाम, विजय कृष्णा नागेश, सहित सभी ग्राम के ग्राम पटेल, ग्राम प्रमुख व समस्त मुढीपानी के ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

नवापारा के मां काली मंदिर में महाष्टमी का हवन रविवार को

नवापारा-राजिम। नवापारा के सुप्रसिद्ध मां काली मंदिर में महाष्टमी का हवन रविवार 18 अक्टूबर को होगा। जिसमें बड़ी संख्या में ज्योति कलश प्रज्जवलित कराने वाले देवी मां के भक्त और श्रद्धालुजन शामिल होंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि इस विशेष अनुष्ठान को लेकर मंदिर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। महाष्टमी का हवन नवरात्रि की साधना का महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस दिन माता के भक्त अपनी मनोकामनाओं, परिवार की सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना के साथ हवन कुंड में आहुतियां अर्पित करेंगे। मंत्रों की गूंज, अग्नि की पवित्र लपटों और घी-हवन सामग्री की सुगंध से मंदिर का वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।



महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन 19 अक्टूबर को होगा- राजिम। नगर के सुप्रसिद्ध प्राचीन मां महामाया मंदिर में महाष्टमी के हवन को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारियो ने तैयारियां तेज कर दी हैं। हवन कुंड के आसपास भक्तों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। हवन में अर्पित की जाने वाली सामग्री और सांकला तैयार करने का काम भी बड़े स्तर पर चल रहा है। ज्योति कलश प्रज्वलित कराने वाले श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति और देवी भक्त शामिल होंगे। प्राचीन मां महामाया मंदिर में प्रज्वलित मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रतीक बना हुआ हैं। नवरात्रि के दौरान विशेष धार्मिक उत्साह देखने को मिल रहा है।

आस्था के आठ दिन, अब हवन की पवित्र बेला- नवरात्रि के शुरूआती दिन से ही मंदिरों में भक्तों की आवाजाही, पूजा-पाठ और माता के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा है। किसी ने परिवार की खुशहाली के लिए ज्योति कलश प्रज्वलित कराया, तो किसी ने सुख-शांति और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। इन आठ दिनों की साधना में भक्तों ने मां के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की है। अब महाष्टमी का हवन इसी भक्ति का विशेष अवसर बनकर सामने है। मंदिर समिति के सदस्य आयोजन को व्यवस्थित और श्रद्धापूर्ण बनाने में जुटे हैं। सोमवार को जब वैदिक मंत्रों के बीच हवन की आहुतियां अर्पित होंगी, तब घी और हवन सामग्री की सुगंध के साथ मां दुर्गा की आराधना का उल्लास पूरे वातावरण में घुल जाएगा।

सरस्वती शिशु वाटिका में पंचमी पर कन्या पूजन



गरियाबंद। नवरात्रि पर्व की पंचमी तिथि पर सरस्वती शिशु वाटिका में विद्यालय में अध्ययनरत नन्हीं बालिकाओं का कन्या पूजन किया गया। कार्यक्रम में माताओं, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय की छोटी-छोटी बालिकाओं का विधिवत कन्या पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किया गया। सभी बालिकाओं एवं उपस्थित बच्चों को खिचड़ी का भोजन कराया गया। आयोजन में 210 बालिका बहनें, 190 भाइयों एवं 50 माताओं की सहभागिता रही। नवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं एवं बालिकाओं के प्रति सम्मान की भावना को अभिव्यक्त किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच कार्यक्रम संपन्न हुआ। उपस्थित नगर पालिका जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय समिति के सदस्यों एवं विद्यालय के आचार्य दीदियों ने इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों को बच्चों में संस्कार, श्रद्धा एवं भारतीय परंपराओं के प्रति जागरूकता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

दुर्गा पंडाल में गूंजे माता सेवा गीत नन्हे बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

छुईहा बेलर। सिर्रीखुर्द में शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा भवानी के मंदिर एवं दुर्गा पंडाल में प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने माता सेवा गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों के सुमधुर गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ग्राम समिति की ओर से उन्हें श्रीफल एवं नगद प्रोत्साहन राशि भेंटकर सम्मानित कि साथ ही बच्चों को चाय स्वल्पाहार व्यवस्था से उत्साहवर्धन किया गया।



प्राशा सिर्रीखुर्द संस्था के प्रभारी प्रधान पाठक एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक खोमन लाल सिन्हा के मार्गदर्शन तथा शिक्षिका धनेश्वरी सिन्हा के सहयोग से स्कुली बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, संस्कृति और धार्मिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस पहल को बच्चों में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक चेतना और मंचीय प्रतिभा विकसित करने की दिशा में प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में किशोर वर्मा, लोकेश्वरी साहू सहित माता सेवा गीत प्रस्तुत करने वाले सभी गायकों का योगदान रहा। प्राथमिक शाला परिवार ने ग्राम समिति, ग्रामीणों एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



खबर संक्षेप



गायत्री मंदिर में पंचमी पर हुआ एक कुंडीय यज्ञ



फिंगेश्वर। 15 अक्टूबर को गायत्री मंदिर में नवरात्र पंचमी के अवसर पर प्रातः साधना के बाद एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न हुआ। नागरिक महाआरती के बाद यज्ञ पूजन मे पूर्णाहूति दी। वहीं पर अभनपुर के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू ने गायत्री मंदिर पहुंचकर माता के चरणों में शीश नवाया। नगर में होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 22 से 25 दिसंबर के लिए देवकन्याओं द्वारा साधना एवं मंत्र जाप,शांति कुंज से लाया गया शक्तिकलश का दर्शन गांव गांव भ्रमण किया जा रहा है। जिसको लेकर ग्रामीणजन बहुत ही उत्साहित हैं। ग्रामीण बड़े यज्ञ में शामिल होने जोश एवं उत्साह से अपनी सहमति दे रहे हैं। पंचमी के दिन मंदिर में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू पहुंचे। उन्होंने 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में निश्चित रूप से उपस्थित होंगे। हर तरह से सहभागिता का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू,आयोजन समिति के अध्यक्ष रामू राम साहू,संरक्षक एच एल साहू,युग पुरोहित पंडित परमानंद,जगदीश राम साहू,अशोक कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

कलेक्टर के निर्देश पर एक सप्ताह के भीतर हैण्डपंप खनन प्रारंभ



मैनपुर। गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा ने एक सप्ताह पूर्व तहसील मुख्यालयसे 3 किमी दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पैरी उद्गम पहाड़ी मे चढकर मां पैरी मंदिर में दर्शन किया था। इस दौरान ग्राम भाठीगढ़ के ग्रामीणों ने यहां आने वाले श्रध्दालुओं के लिए पेयजल की समस्या को बताते हुए हैण्डपंप खनन की मांग की थी। कलेक्टर के निर्देश पर एक सप्ताह के भीतर शुक्रवार को हैण्डपंप खनन प्रारंभ हो गया है, जिससे ग्रामीणों में खुशी है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जल्द की पर्यटन के क्षेत्र मे भी प्रयास किया जाएगा।

लक्षवीर बांधे व पितेश्वर साहू को उत्कृष्ट विज्ञान-गणित लर्निंग कार्नर पुरस्कार

अभनपुर। आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंडी के प्रधान पाठक लक्षवीर बांधे एवं शिक्षक पितेश्वर सिंह साहू को विद्यालय में उत्कृष्ट विज्ञान एवं गणित लर्निंग कार्नर विकसित कर विद्यार्थियों को प्रभावी शिक्षा देने के लिए विकासखंड स्तरीय उत्कृष्ट विज्ञान-गणित लर्निंग कार्नर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर एसआर यादव, जे. साहू, शशि किरण साहू, शिवकुमार टंडन, लकेश्वर साहू, हेमंत जोशी, खेमन ठाकुर, रितेश चंद्राकर, गीतमाला मरकाम, पालेश्वर साहू, राजू धीवर, राजेंद्र ऐनेश्वरी, उदय लाल डहरिया, ओमप्रकाश साहू सहित अन्य शिक्षकों ने दोनों शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

डीएवी स्कूल में नवरात्रि महोत्सव, रामलीला व महिषासुर वध का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर से 5 किमी दूर डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण को फूलों, रंगोली से आकर्षक रूप से सजाया गया था। नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के समस्त छात्र–छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्प अर्पण और आरती के साथ हुआ। विद्यालय के संस्था प्रमुख अजय नागेश ने बच्चों को नवरात्रि के नौ दिनों और आदिशक्ति के महत्व के बारे में बताया। इस बार के नवरात्रि महोत्सव का सबसे विशेष आकर्षण रहा बच्चों द्वारा प्रस्तुत महिषासुर वध का मंचन। नन्हे बच्चों ने माँ दुर्गा और महिषासुर का रूप धारण कर बुराई पर अच्छाई की जीत का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया, जिसे देखकर सभी दर्शक भावविभोर हो गए। साथ ही विद्यालय की छात्राएं नवदुर्गा के नौ रूपों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री बनकर आईं। लाल चुनरी, चूड़ा और त्रिशूल धारण किए इन नन्हीं देवियों ने सभी का मन मोह लिया। इसके अलावा बच्चों ने रामलीला का भी मंचन किया, जिसमें भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी के बाल रूपों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गरबा और डांडिया नृत्य ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।

देहारगुड़ा में छात्र- छात्राओं ने उत्साह से लिया भाग



इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर लेखराज साहू, राकेश साहू, छत्तर ध्रुव, उत्तम साहू, सौरभ यादव, गरिमा ठाकुर, गीता सोनवानी, कोनिका साहू, दुष्यंत साहू, रमेश यदु, प्रियंका कौशिक, दुर्गा साहू, ज्योति कश्यप, देविका नेताम, नगमा खातून, प्रहलाद मरकाम, शैलेश यादव, लक्ष्मी बघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

सौगात : विधायक रोहित मुख्य अतिथि, जिपं वन सभापति शिवांगी ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

सांकरा में हुआ नवनिर्मित टिन शेड का लोकार्पण, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा





हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

ग्राम पंचायत सांकरा में नवनिर्मित टिन शेड के लोकार्पण के समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों कीउपस्थिति में संपन्न हुआ। विधायक ने सोलर मास्क लाइट 3 लाख, महिला भवन, हायर सेकंड्री स्कूल मे शौचालय, एवं बोर खनन की घोषणा की गई। नवनिर्मित टिन शेड के लोकार्पण से ग्रामीणों को विभिन्न सामाजिक, सामुदायिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलने की उम्मीद है। इस निर्माण को गांव की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू शामिल हुए। वहीं समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत गरियाबंद की वन सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने की। लोकार्पण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जपं छुरा के सदस्य युवराज साहू, भाजपा मंडल गरियाबंद के अध्यक्ष सुमित पारख, महामंत्री प्रहलाद ठाकुर एवं किशन कंडरा उपस्थित रहे। इनके साथ ग्राम पंचायत सांकरा की सरपंच श्रीमती छत्तेश्वरी हेमंत ध्रुव, उपसरपंच श्रीमती राम्हींन ध्रुव तथा बूथ अध्यक्ष श्री खेमू राम ग्वालवंसी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान गांव के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार और सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुरूप निर्माण कार्यों के महत्व पर चर्चा का माहौल रहा।

ग्रामीणों को मिलेगी सार्वजनिक कार्यक्रमों में सुविधा

गांव में टिन शेड का निर्माण होने से ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। सामाजिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों, बैठकों तथा अन्य सार्वजनिक गतिविधियों के आयोजन में यह सुविधा उपयोगी साबित हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की आधारभूत संरचनाएं सामूहिक गतिविधियों को व्यवस्थित करने के साथ ही लोगों को एक साझा मंच प्रदान करती हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं पंचायत पदाधिकारियों की मौजूदगी से स्थानीय विकास कार्यों के प्रति जनभागीदारी का महत्व भी सामने आया। गांव के विकास के लिए आवश्यक है कि पंचायत स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का उपयोग जनहित में किया जाए तथा ग्रामीणों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जाए। सार्वजनिक उपयोग के भवन एवं शेड जैसी सुविधाएं ग्रामीणों के दैनिक सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

टेल एरिया आज भी नहर पानी से वंचितः डॉ. दिलीप



हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

सिकासार पैरी परियोजना सब डिविजनल फिंगेश्वर के अंतिम छोर टेल एरिया के गांवों में आज भी नहर का पानी नहीं पहुंच पाया है। पानी की कमी के चलते किसानों की फसलें और खेत सूखने के कगार पर पहुंच गए हैं। ग्राम पसौद, पाली पेंड्रा, सिरीं कला और पोलकर्रा सहित कई गांवों के किसान लंबे समय से पानी का इंतजार कर रहे हैं। किसानों ने बताया कि वे कई बार फिंगेश्वर कार्यालय और एसडीओ से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल एक-दो दिन में पानी पहुंचने का कोरा आश्वासन ही दिया जा रहा है। तय सीमा 15 अक्टूबर बीत जाने के बावजूद नहरें सूखी पड़ी हैं, जिससे किसानों में भारी रोष है।

- जलापूर्ति नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

अधिकारियों से चर्चा और एसडीएम को अल्टीमेटम- किसानों की गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सभापति डॉ. दिलीप साहू ने कार्यपालन अभियंता बर्मन और एसडीओ मलैया से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने किसानों की फसल को बर्बाद होने से बचाने के लिए जल्द से जल्द नहरों में पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की। इसके उपरांत, डॉ. साहू के नेतृत्व में क्षेत्र के तमाम किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी विशाल महाराणा से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि आगामी दो-तीन दिनों के भीतर टेल एरिया के खेतों तक पानी नहीं पहुँचा, तो किसानों द्वारा उग्र चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

टोनहीडबरी और सेम्हरा पंचायत में कृषक समृद्धि चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



ग्रामीण अंचलों में किसानों को जागरूक करने और कृषि संबंधी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत टोनहीडबरी एवं सेम्हरा में कृषक समृद्धि चौपाल का आयोजन किया गया। किसानों से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए कृषि क्षेत्र को समृद्ध बनाने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, सरपंच सरिता बाई, ललिता बाई, कृषि विभाग की पुष्पलता ध्रुव, अल्ला ध्रुव सहित ग्राम के किसान मौजूद रहे। जनपद सदस्य नारायण सिन्हा ने कहा कि कृषि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। किसानों को शासकीय योजनाओं, आधुनिक कृषि पद्धतियों और खेती किसानी से जुड़ी आवश्यक जानकारियो से अवगत कराना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसे आयोजनों से किसानों को अपनी समस्याएं रखने और कृषि विभाग के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस दौरान कृषि विभाग से पुष्पलता ध्रुव ने किसानों को शासन की कृषक हितैषी योजनाओं एवं वैकल्पिक फसलों की खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राज्य शासन द्वारा प्रदेश में कृषि परिदृश्य को बदलने तथा किसानों की आर्थिक उन्नति के उद्देश्य से कृषक उन्नति योजना के तहत धान के स्थान पर दूसरे फसलों के लिए जागरूक किया जा रहा है। धान के स्थान पर दलहन तिलहन, मक्का, कोदों, कुटकी,रागी एवं कपास जैसी फसलें उगाने वाले किसानों को निर्धारित पात्रता एवं नियमों के अनुसार 15 हजार रुपए एकड़ इनपुट सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। चौपाल में किसानों को बताया गया कि अरहर, मूंग, उड़द, सोयाबीन, मूंगफली एवं तिल जैसी कम पानी में होने वाली तथा अच्छी मूल्य के फसलों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



गरियाबंद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तहसील कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील बंद वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस में सीसीटीवी के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था सही पाए गए। कलेक्टर श्री शर्मा ने वेयरहाउस में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों के सुरक्षा के लिए निरंतर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला मुख्यालय स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रों से बातचीत कर उनके पढ़ाई-लिखाई एवं कक्षा में हो रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने प्राचार्य एवं शिक्षकों को विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने, बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषा ठाकुर, एसडीएम हितेश्वरी बाघे सहित राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।



